डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा. अका./ 100

दिनांक : 19 फरवरी 2023

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा "अखिल भारतीय दलित लेखक सम्मिलन" का आयोजन कल से

नई दिल्ली 19 फरवरी 2023।साहित्य अकादेमी 20-21 फरवरी 2023 को अखिल भारतीय दलित लेखक सम्मिलन का आयोजन कर रही है। सम्मिलन के उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय वक्तव्य प्रख्यात तेलुगु विद्वान और लेखक के. इनोक और बीज वक्तव्य प्रख्यात हिंदी आलोचक बजरंग बिहारी तिवारी देंगे। स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मिलन में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लगभग 32 दलित कवि, लेखक, आलोचक और विद्वान भाग ले रहे हैं।

सम्मिलन का पहला सत्र "दलित साहित्य की वर्तमान स्थिति और उसकी चुनौतियाँ" विषय पर दोपहर 12 बजे होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात मराठी कथाकार लक्ष्मण गायकवाड करेंगे और इसमें जयदीप सारंगी (अंग्रेजी) मोहन परमार (गुजराती) और के.एस. माधवन (मलयालम) अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे। कहानी और कविता-पाठ के अन्य पाँच सत्र क्रमश: सिखामनी, शरण कुमार लिंबाले बलबीर माधोपुरी, पी. शिवकामी और जयंत परमार की अध्यक्षता में होंगे, जिनमें लीलाधर मंडलोई, पितांबर तराई, कौशल पंवार, चंद्र मोहन किस्कू, धीरज बसुमतारी, एच.टी. पोटे, सत्यजीत आर, कर्मशील भारती, बी.एल. पारस, दीप नारायण विद्यार्थी, राकेश वानखेडे, शिवबोधि, कल्याणी ठाकुर चराल, अशोक अंबर, बीनू बामनिया, रजत रानी मीनू, लीलेश कुड़ालकर और मदन बीरा अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in